यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
आन्ध्रा Andhra कार्पोरेशन Corporation

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------

# प्रेस विज्ञप्ति

## 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मण्डल ने 30 सितम्बर, 2022 की समाप्त तिमाही के लिए बैंक के लेखों का आज अनुमोदन किया है.

### वित्तीय वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के मुख्य बिन्दु

1. **सशक्त वित्तीय कार्यनिष्पादन :**
   वित्तीय वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के दौरान बैंक के शुद्ध लाभ में वर्ष दर वर्ष आधार पर 21.07% की वृद्धि हुई है. वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के दौरान बैंक के शुद्ध ब्याज आय में वर्ष दर वर्ष आधार पर 21.61% की वृद्धि हुई है.
2. **बैंक ने सशक्त देयता अंश को दर्शाना जारी रखा है**
   कासा जमाराशि में वर्ष दर वर्ष 9.42% की वृद्धि हुई है. वित्तीय वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के अंत तक बैंक के पास कुल जमाराशि आधार ` 10,43,265 करोड़ है.
3. **कारोबार संवृद्धि में गति**
   बैंक के कुल कारोबार में वर्ष दर वर्ष 17.33% की वृद्धि हुई है, जिसमें सकल अग्रिमों में वर्ष दर वर्ष आधार पर 21.92% की वृद्धि हुई है और कुल जमाराशि में वर्ष दर वर्ष आधार पर 14.14% की वृद्धि हुई है. 30 सितम्बर, 2022 तक बैंक का कुल कारोबार ` 18,16,955 करोड़ है.
4. **रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (रैम) क्षेत्र में ऋण**
   बैंक के रैम क्षेत्र में वर्ष दर वर्ष आधार पर 14.86% की वृद्धि हुई है, जहां वर्ष दर वर्ष आधार पर रिटेल में 14.45% की वृद्धि, कृषि में 15.19% की वृद्धि और एमएसएमई अग्रिमों में 14.97% की वृद्धि हुई है. घरेलू अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में, रैम अग्रिम 54.57% है.
5. **एनपीए में कमी: -**
   दिनांक 30.09.2022 तक सकल एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 419 बीपीएस की गिरावट के साथ 8.45% रहा तथा शुद्ध एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 197 बीपीएस की गिरावट के साथ 2.64% रहा है.
6. **पूंजी अनुपात में सुधार:-**
   सीआरएआर दिनांक 30.09.2021 के 13.64% के सापेक्ष दिनांक 30.09.2022 को सुधार के साथ 14.50% रहा. सीईटी 1 अनुपात दिनांक 30.09.2021 के 10.16% के सापेक्ष 30.09.2022 को सुधार के साथ 10.67% रहा.

PRESS RELEASE

### वित्तीय वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही की मुख्य विशेषताएँ

| ` करोड़ में | वित्त वर्ष 22 की दूसरी तिमाही | वित्त वर्ष 23 की पहली तिमाही | वित्त वर्ष 23 की दूसरी तिमाही | वर्ष दर वर्ष% | तिमाही दर तिमाही% | वित्त वर्ष 22 की पहली छमाही | वित्त वर्ष 23 की पहली छमाही | वर्ष दर वर्ष% |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **लाभ एवं हानि** | | | | | | | | |
| ब्याज आय | 16,706 | 18,174 | 19,682 | 17.81 | 8.29 | 33,840 | 37,856 | 11.87 |
| ब्याज व्यय | 9,876 | 10,593 | 11,377 | 15.19 | 7.40 | 19,997 | 21,969 | 9.86 |
| शुद्ध ब्याज आय | 6,829 | 7,582 | 8,305 | 21.61 | 9.54 | 13,843 | 15,887 | 14.77 |
| गैर-ब्याज आय | 3,978 | 2,817 | 3,276 | -17.65 | 16.31 | 6,758 | 6,093 | -9.83 |
| एनआईएम% | 2.95 | 3.00 | 3.15 | 20 bps | 15 bps | 3.00 | 3.06 | 6 bps |
| परिचालन लाभ | 6,074 | 5,448 | 6,577 | 8.29 | 20.73 | 11,255 | 12,025 | 6.84 |
| कुल प्रावधान | 4,547 | 3,889 | 4,729 | 4.00 | 21.61 | 8,548 | 8,618 | 0.83 |
| कर के पश्चात लाभ | 1,526 | 1,558 | 1,848 | 21.07 | 18.56 | 2,707 | 3,406 | 25.82 |

| ` करोड़ में | वित्त वर्ष 22 की दूसरी तिमाही | वित्त वर्ष 23 की पहली तिमाही | वित्त वर्ष 23 की दूसरी तिमाही | वर्ष दर वर्ष% | तिमाही दर तिमाही% |
|---|---|---|---|---|---|
| तुलन पत्र | | | | | |
| वैश्विक अग्रिम | 6,34,583 | 7,28,635 | 7,73,690 | 21.92 | 6.18 |
| घरेलू अग्रिम | *6,19,137* | 7,09,904 | 7,52,469 | 21.54 | 6.00 |
| जिसमें से रिटेल | *1,28,190* | *1,39,410* | *1,46,715* | 14.45 | 5.24 |
| कृषि | *1,24,897* | *1,35,503* | *1,43,874* | 15.19 | 6.18 |
| एमएसएमई | *1,04,436* | *1,14,674* | *1,20,069* | 14.97 | 4.70 |
| रैम अग्रिम | *3,57,523* | *3,89,587* | *4,10,658* | 14.86 | 5.41 |
| जमाराशि | 9,14,022 | 9,92,774 | 10,43,265 | 14.14 | 5.09 |
| जिसमें से कासा | *3,39,692* | *3,59,335* | *3,71,697* | 9.42 | 3.44 |
| रिटेल मियादी जमाराशि*(<2 करोड़)* | *4,34,299* | *4,38,931* | *4,37,866* | 0.82 | -0.24 |
| कासा अनुपात (%) | *37.16* | *36.19* | *35.63* | -153 bps | -56 bps |
| जीएनपीए | 80,211 | 74,500 | 65,391 | -18.48 | -12.23 |
| एनएनपीए | 26,785 | 22,392 | 19,193 | -28.34 | -14.29 |

| **अनुपात (%)** | **वित्त वर्ष 22 की दूसरी तिमाही** | **वित्त वर्ष 23 की पहली तिमाही** | **वित्त वर्ष 23 की दूसरी तिमाही** | **वर्ष दर वर्ष बीपीएस** | **तिमाही दर तिमाही बीपीएस** |
|---|---|---|---|---|---|
| **आस्ति गुणवत्ता** | | | | | |
| जीएनपीए | 12.64 | 10.22 | 8.45 | -419 | -177 |
| एनएनपीए | 4.61 | 3.31 | 2.64 | -197 | -67 |
| पीसीआर | 81.77 | 84.75 | 86.61 | 484 | 186 |
| टीपीसीआर | 66.61 | 69.94 | 70.65 | 404 | 71 |
| क्रेडिट लागत | 2.31 | 2.02 | 1.50 | -81 | -52 |
| **पूंजी अनुपात** | | | | | |
| सीईटी-1 अनुपात | 10.16 | 10.68 | 10.67 | 51 | -1 |
| टियर-1 अनुपात | 11.32 | 12.14 | 12.26 | 94 | 12 |
| सीआरएआर | 13.64 | 14.42 | 14.50 | 86 | 8 |

**नेटवर्क:**

- 8,729 शाखाएँ,विदेशी शाखाओं सहित
- 11,092 एटीएम
- 16,109 बीसी पॉइंट्स
- 126 एमएलपी (एमएसएमई ऋण केंद्र)
- 207 आरएलपी (रिटेल ऋण केंद्र)
- 105 एमएसएमई फ़र्स्ट ब्रांचेस

**वित्तीय समावेशन योजनाएं:**

सरकार समर्थित योजनाएं जैसे पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, पीएमजेडीवाई और एपीवाई के माध्यम से भारत सरकार द्वारा शुरू की गई वित्तीय समावेशन योजनाओं का उद्देश्य बाधाओं को खत्म करना और समाज के कम पहुँच वाले वर्गों को आर्थिक मूल्य वाली वित्तीय सेवाओं को प्रदान करना है.

- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई):**

  यह एक सरकार समर्थित बीमा योजना है जिसमें 30 सितम्बर, 2022 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 1.07 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई):**

  यह एक सरकार समर्थित दुर्घटना बीमा योजना है जिसमें 30 सितम्बर, 2022 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 2.66 लाख नए नामांकन किए गए हैं.



PRESS RELEASE

**प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई):**

हमारे बैंक ने दिनांक 30.09.2022 तक पीएमजेडीवाई योजना के अंतर्गत ` 7,934 करोड़ की राशि के कुल 2.82 करोड़ खाते खोलने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. दिनांक 30.09.2021 को ` 6,680 करोड़ की राशि के कुल 2.30 करोड़ खाते खोले गए थे. जिससे वर्ष दर वर्ष आधार पर खाते खोलने में 22.61% की वृद्धि हुई है.

**अटल पेंशन योजना (एपीवाई):**

एपीवाई एक पेंशन योजना है, जो मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों पर लक्षित है तथा 30 सितम्बर, 2022 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 1.52 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

**कोविड-19 से निपटने के लिए शुरू की गई नई योजनाएं:**

हमारे बैंक ने कारोबारी संस्थाओं, रिटेल ग्राहकों को उनकी त्वरित आवश्यकताओं को पूरा करने तथा कोविड 19 की चुनौतियों को कम करने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई प्रमुख योजनाओं को संवितरित करने की पहल की है.

**पीएम स्वनिधि :**

यह एक सूक्ष्म ऋण सुविधा है जो स्ट्रीट वेंडरों को एक वर्ष की अवधि के लिए कम ब्याज दरों पर `10,000 का संपार्श्विक मुक्त ऋण प्रदान करता है.

मंजूर किए गए ऋणों की संख्या - 4,16,334
मंजूर की गई कुल राशि - `495 करोड़

**यूनियन गारंटीकृत इमरजेंसी क्रेडिट लाइन (यूजीईसीएल):**

भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप, 29 फरवरी, 2020 को बकाया ऋण राशि की 20/40 प्रतिशत तक पात्र उधारकर्ताओं को पूर्व-अनुमोदित मंजूरी सीमा होगी. यह सीमा अतिरिक्त कार्यशील पूंजी मीयादी ऋण सुविधा के रूप में इच्छुक पीएमएमवाई उधारकर्ताओं सहित कारोबारी उद्यम/एमएसएमई उधारकर्ता/व्यक्तिगत के लिए है.

मंजूर किए गए ऋणों की संख्या (यूजीईसीएल 1,2,3 एवं 4) –3,73,894
मंजूर की गई कुल राशि (यूजीईसीएल 1,2,3 एवं 4) – ` 10,703 करोड़

दिनांक: अक्टूबर 20, 2022
स्थान: मुंबई

PRESS RELEASE